डीएम और एसएसपी ने घाटों के निरीक्षण के साथ सुरक्षा और सफाई व्यवस्था पर दिया जोर

गयाजी। लोक आस्थाके महान पर्व छठ की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है। इसी कड़ी में श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं सुगम आवागमन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी शशांक शुभंकर एवं वरीय पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार ने जिले के विभिन्न प्रमुख छठ घाटों का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने मानपुर सिक्सलेन पुल के नीचे स्थित भास्कर घाट, मानपुर मल्लाह टोली घाट, राय बिंदेश्वरी घाट, किरानी घाट तथा सीढ़िया घाट का दौरा कर वर्तमान स्थिति का जायजा लिया और युद्ध स्तर पर तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए।निरीक्षणके दौरान जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि पर्व के दौरान व्रतियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और स्वच्छता प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्देश



दिया कि घाटों पर विशेष अभियान चलाकर ससमय बेहतर साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही, व्रतियों, बुजुर्गों, महिलाओं एवं बच्चोंकी सुगम आवाजाही के लिए पहुंच पथों का समुचित समतलीकरण कराने, पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था करने तथा चेंजिंग रूम का निर्माण कराने को कहा गया। श्रद्धालुओंको आवश्यक दिशा-निर्देश देने के लिए पब्लिक एड्रेस सिस्टम लगाने और भीड़ की निगरानी के वास्ते पर्याप्त संख्या में वाच टावर स्थापित करने के भी निर्देश दिए गए।इस संयुक्त निरीक्षण अभियानके दौरान नगर पुलिस अधीक्षक, सहायक समाहर्ता, अपर समाहर्ता आपदा, पंकज कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सदर अनिल कुमार रमन सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। वहीं, क्षेत्रके सामाजिक व राजनीतिक हलकों में भी इस महापर्व को लेकर अभूतपूर्व उत्साह देखा जा रहा है, जिसमें प्रमुख रूप से विधायक वीरेंद्र सिंह,भाजपा नेता बालाजी कुमार, जदयू नेता अवध बिहारी पटेल, युवा समाजसेवी राजू कुमार रवि एवं बृजनंदन पाठक ने जिला प्रशासन की इस सक्रियता की सराहना करते हुए पर्व के सफल आयोजन में हरसंभव सहयोग का संकल्प दोहराया है।

युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग

एजेंसियों/एजेंटों को अधिकृत करने संबंधी सूचना

युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग, बिहार, पटना के पदाधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा विभिन्न सरकारी कार्य से की जाने वाली यात्राओं के लिये ट्रेन/एयर टिकट इत्यादि की व्यवस्था हेतु एजेंसियों/एजेंटों को अधिकृत किया जाना है। उक्त कार्य हेतु इच्छुक एजेंसियों/एजेंटों से आवेदन/सहमति पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

आवेदन-पत्र स्पीड-पोस्ट/हाथों-हाथ दिनांक-20.11.2026 के अपराह्न 3:00 बजे तक विशेष कार्य पदाधिकारी, युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग, नियोजन भवन, चौथा तल, विंग 'ए' (आयकर गोलम्बर के निकट) नेहरू पथ, पटना, पिन कोड-800001 के कार्यालय में जमा किया जा सकता है।

विशेष कार्य पदाधिकारी
युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग
बिहार, पटना

PR- 015457 (Youth) 2026-27

विस्तृत जानकारी वेबसाइट//state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल,कटिहार

स्थानीय निविदा आमंत्रण सूचना
अल्पकालीन निविदा संख्या-27/2026-2027

1- विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता:- कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, कटिहार
2- परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि:- 28-11-26 को अपराह्न 01:00 बजे तक
3- निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:- 28-11-26 को अपराह्न 03:00 बजे तक
4- निविदा खोलने की तिथि एवं समय:- 28-11-26 को अपराह्न 03:30 बजे
5- परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान:- (क) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमंडल, कटिहार
(ख) अवर प्रमंडल, पदाधिकारी, भवन अवर प्रमंडल, संख्या- 01 का कार्यालय, कटिहार
6- निविदा प्राप्ति का स्थान:- क्रमांक- 5(क) एवं (ख) वर्णित स्थान।
7- कार्य का विवरण:-

क्र0सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6
1.	Repair & Painting work of Qtr. no. H -7 at offier's colony katihar.	1,95,000.00	4000.00	500.00	15 दिन
2.	Repairing and Painting work of Quarter no. c-4 residence, garage construction, qtr. sliding work of civil court, district katihar.	2,00,000.00	4000.00	500.00	15 दिन
3.	Repair and Painting work of Staff Toilet in the campus of back side collectorate building katihar.	2,26,000.00	5000.00	500.00	15 दिन

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल, कटिहार

PR- 015393 (B C D) 2026-27

विस्तृत जानकारी वेबसाइट//state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम

(बिहार सरकार का उपक्रम)
कौटिल्य नगर, पटना-14
फोन नं. 2223727 ई-मेल : policenigam@bihar.gov.in

वाक-इन-इन्टरव्यू
संविदा के आधार पर नियोजन हेतु विज्ञापन

बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, सामान्य प्रशासन विभाग की अधिसूचना संख्या-10000 दिनांक-10.07.2015 के तहत संविदा के आधार निम्नलिखित पद पर नियोजन हेतु दिनांक-30.11.2026 को पूर्वाह्न 10.30 बजे से अपराह्न 1.00 बजे तक निगम मुख्यालय में "वाक-इन-इन्टरव्यू" का आयोजन किया गया है। इच्छुक उम्मीदवार निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र के साथ आवश्यक दस्तावेज सहित "वाक-इन-इन्टरव्यू" में भाग ले सकते है:-

(1) अधीक्षण अभियन्ता-1 पद (गैर आरक्षित वर्ग)

अर्हता- केंद्र सरकार या राज्य सरकार के कार्य विभागों से अधीक्षण अभियन्ता (असैनिक) या समकक्ष पद (वेतन स्तर-13 एवं अन्यून स्तर) से सेवानिवृत अभियन्ता नियोजन में भाग ले सकते हैं।

वैसे अभ्यर्थी, जिन पर कोई निगरानी का मामला/विभागीय कार्यवाही/आपराधिक मामला लंबित हो अथवा सेवाकाल के अंतिम 10 वर्षों में कोई वृहद दण्ड अथवा अंतिम 05 वर्ष में कोई दण्ड(लघु/वृहद) अथवा सेवानिवृति के पश्चात पेंशन/ग्रेच्युटि से कटौती का कोई दण्ड अधिरोपित हो, की सेवायें नहीं ली जायेगी।

आयु-दिनांक- 01.11.2026 को अधिकतम उम्र 62 वर्ष

मानदेय- सेवानिवृति के समय प्राप्त अंतिम वेतन + सेवानिवृति के समय अंतिम वेतन पर प्राप्त महँगाई भत्ता के योगफल की राशि में से पेंशन की राशि + सेवानिवृति के समय पेंशन की राशि पर प्राप्त महँगाई भत्ता की राशि को घटाने के बाद की राशि। मासिक मानदेय की यह राशि उपर्युक्त पद पर संविदा पर कार्यरत रहने की तिथि तक स्थिर रहेगी।

चयनित अभ्यर्थियों को निर्धारित मानदेय पर 1 वर्ष के लिए नियोजित किया जायेगा। कार्य संतोषजनक पाये जाने पर समीक्षा के उपरांत सेवा विस्तार किया जा सकता है। अनुबंध के आधार पर यह नियोजन अस्थायी होगा और किसी भी समय उभय पक्ष द्वारा एक माह की नोटिस देकर या उसके बदले एक माह का मानदेय देकर सेवा समाप्त करने का अधिकार निगम को होगा। यदि सेवा त्यागना हो तो एक माह पूर्व नोटिस देना अनिवार्य होगा।

इच्छुक उम्मीदवार उपर्युक्त पद पर नियोजन हेतु पात्रता से संबंधित दस्तावेज, सेवा इतिहास, पूर्ण पेंशन पर निर्गत पी0पी0ओ0, अंतिम वेतन प्रमाण-पत्र की प्रति, सिविल सर्जन द्वारा निर्गत चिकित्सा प्रमाण-पत्र एवं आधार कार्ड की मूल एवं छायाप्रति तथा विहित प्रपत्र, जो निगम के वेबसाईट https://bpbcc.bihar.gov.in/ से डाउनलोड किया जा सकता है, में आवेदन के साथ दिनांक-30.11.2026 को पूर्वाह्न 10.30 बजे से निगम मुख्यालय में आयोजित वॉक इन इंटरव्यू में भाग ले सकते हैं।

अन्य जानकारी एवं शर्तें-

1. अभ्यर्थी आवेदन के साथ इस आशय का शपथ पत्र संलग्न करेंगे कि "मैं ______ घोषणा करता/करती हूँ कि मेरे विरूद्ध कोई आपराधिक/निगरानी वाद दर्ज नहीं है तथा किसी न्यायालय में मेरे विरूद्ध कोई आपराधिक मामला लंबित नहीं है। सेवाकाल के अंतिम 10 वर्षों में मेरे विरूद्ध कोई वृहद दण्ड अथवा अंतिम 05 वर्ष में कोई दण्ड(लघु/वृहद) अथवा सेवानिवृति के पश्चात पेंशन/ग्रेच्युटि से कटौती का कोई दण्ड अधिरोपित नहीं है। आवेदन में दिये गये तथ्य/सूचना गलत पाये जाने पर मेरे विरूद्ध यथोचित कार्रवाई की जा सकती है"।
2. वॉक इन इंटरव्यू हेतु किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

PR- 015391 (B & C) 2026-27

सचिव

विस्तृत जानकारी वेबसाइट//state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

Govt. of Bihar

SOUTH BIHAR POWER DISTRIBUTION COMPANY LTD, PATNA
(A Govt. of Bihar undertaking)
(Regd. office: Vidyut Bhawan, Bailey Road, Patna)
email-cecivilsbpdcl@gmail.com
(Department of civil of SBPDCL)

SHORT NOTICE INVITING TENDER

NIT No. 95 /PR/SBPDCL/2026

Sealed percentage rate short tender on prescribed bill of quantity super scribing short tender notice no, date and time of receiving and opening of tender etc on the cover to be eventually drawn on F-2 form of contract is invited from the resourceful & experienced contractors registered in class IV in any Govt. dept. /PSU of civil works for the work detailed below:-

Sl. No	Name of Work	Estimated Cost	E.M.D.	Cost of BOQ with GST	Date of start of sale of B.O.Q.	Date & Time of receiving Tender	Date & Time of opening Tender
1	Provision of PCC Work and Gravelling of Switchyard at 33/11 KV PSS Sultanganj Bhagalpur.	Rs-9,69,090/-	Rs.-19,382/-	Rs. 1475/-	19.11.2026	3:00 PM on 23.11.2026	3:30 PM on 23.11.2026
2.	Re-Construction of Road side damaged boundary wall(60 m) at SDCR & 33/11 KV PSS Campus Bikramganj under Civil Division Sasaram.	Rs-9,83,677/-	Rs.-19,674/-	Rs. 1475/-			

The tender documents related to the above work containing BOQ as well as term & condition may be obtained from Senior Manager (F&A), on payment of cost of BOQ (non-refundable) in the shape of DD(Drawn in the favour of Senior Manager (F&A), SBPDCL one day before the date of opening of tender.

Tenderers are required to submit Contractor Registration certificate, Character Certificate (If any), PAN No, GST No., required earnest money, experience certificate etc along with tender paper failing which their tender may not be considered valid.

Tender shall be received in the office of the undersigned on due date and time as mentioned above. The authority reserves the right to reject any or all tender or distribute the work among more than one tenderer without assigning any reason thereof.

Chief Engineer(Civil)
SBPDCL

For further details please visit : www.state.bihar.gov.in/prdbihar

PR. No.015365 (B&C) 2026-27

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

नहाय खाय के साथ चार दिवसीय छठ पर्व शुरू

सूर्यकुंडके पवित्र जल से छठ व्रतियों ने किया स्नान, लोहंडा आज, छठ गीतोंसे गूंजा शहर

गयाजी। लोक आस्था, पवित्रता और सूर्योपासना का महापर्व छठ शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ शुरू हो गया। चार दिवसीय इस कठिन व्रत को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। सुबह से ही व्रती पवित्र स्नान कर पूजा-अर्चना में जुट गए। इसके बाद पूरी शुद्धता और सात्विक परंपरा के अनुसार अरवा चावल, चने की दाल और कद्दू की सब्जी का प्रसाद ग्रहण कर व्रत की शुरुआत की। नहाय-खाय के साथ ही घरों में छठी मइया के पारंपरिक गीत गूंजने लगे हैं और वातावरण भक्तिमय हो गया है। शनिवार को खरना का अनुष्ठान होगा, जिसके बाद व्रती 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू करेंगे। रविवार को अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्घ्य तथा सोमवार की सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ चार दिवसीय महापर्व का समापन होगा।





जिले के शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में चार दिनों तक चलने वाले छठ पूजाके नहाए खाए के प्रथम दिन छठ व्रतियों ने पवित्र सरोवर या नदी में स्नान कर कद्दू की सब्जी, अरवा चावलका भात, सेंधा नमक, चने की दाल, अगस्त के फूलकी पकौड़ी आदि शुद्ध भोजन बनाकर प्रसाद स्वरूप ग्रहण किया और अपने रिश्तेदारों व करीबियों को भी प्रसाद खिलाया। शहर के पवित्र सूर्यकुंड में छठ व्रतियोंने आज स्नान किया और भगवान सूर्यके मंदिरमें पूजा अर्चना की।छठ महापर्व शुक्रवारसे शुभारंभ हो गया है। कल 14 को खरना हैं। आज लोगोंने सूर्यकुंड के पवित्र जल स्व स्नान किया है और भगवान सूर्यकी पूजा भी की है। छठ महापर्व हिंदुओं का सबसे पवित्र पर्व है। सच्चे मनसे पूजा करने से सारी मनोकामना पूरी होती है। कल शनिवारको लोहंडा का प्रसाद बनेगा। खरनाका प्रसाद ग्रहण करने के बाद से ही छठ व्रतियोंका 72 घंटेका उपवास शुरू हो जाएगा। रविवार को छठव्रती उपवासकर पवित्र नदी या सरोवरमें अस्ताचलगामी भास्करको ध्यान मग्न होकर पकवान, फल- फूल, नारियल और अन्य पूजन सामग्रियों से अर्घ्य देंगे। सोमवार को फल्गु नदीके विभिन्न घाटोंपर उगते सूर्यको अर्घ्यके साथ चार दिवसीय छठ महापर्व का अनुष्ठान संपन्न हो जाएगा। इसके बाद छठ व्रती व्रतका पारण करेंगे।

टिकारी (आससे) के अनुसार प्रकृति और पर्यावरणके प्रति कृतज्ञता ,आस्था और आरोग्य का अद्भुत वैज्ञानिक महा संगम ,लोक आस्थाका अति पावन चार दिवसीय महा पर्व छठ पूजा का विधिवत शुभारंभ शुक्रवार चतुर्थी तिथि को विधिवत नहाय खाय से शुरू हुआ। अहले सुबह से ही व्रती आस्था प्रेमी,श्रद्धालु अपने घर के समीप कुएं,तालाब,पोखर, आहर,नदी पर पहुंच स्नान कर कलियुग के साक्षात देवता भगवान सूर्यको जल अर्पण कर पात्रोंमें जल लिए घर पहुंच शुद्धता और पवित्रता को ध्यान में रख रसोई बनाना शुरू किया। अगस्त के फूल जिसे आकाश फूल और कहीं वक फूल भी कहा जाता है की पकौड़ी, चने की दाल,कद्दू की सब्जी,साग एवं कई तरहकी सात्विक रसोई बना आदित्य देव एवं छठी मईया को नौवेद्य लगा भोजन ग्रहण करनेके उपरांत अपने सगे संबंधी,कुटुंबियों को प्रसाद स्वरूप भोजन कराए। वहीं बाजारों में छठ पूजा की सामग्री की खरीददारी को लेकर अच्छी खासी भीड़ देर शाम तक लगी रही।

इमामगंज से ससू के अनुसार लोक आस्था और सूर्य उपासना का चार दिवसीय महापर्व छठ शुक्रवारको नहाय-खायके साथ शुरू हो गया। पर्व को लेकर प्रखंड क्षेत्र में सुबह से ही श्रद्धा और उत्साह का माहौल देखने को मिला.घरों से लेकर बाजारों तक छठके पारंपरिक गीत गूंज रहे है।लोकगीतों की मधुर धुन से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया है।चार दिवसीय इस महापर्व को लेकर लोगों में खासा उत्साह है।

गुरारू से आससे के अनुसार लोक आस्थाका महापर्व छठ शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ शुरू हो गया। चार दिनों तक चलने वाले इस पर्व को लेकर पूरे प्रखंड में श्रद्धा और उत्साह का माहौल है।शुक्रवार को छठ व्रतियों ने स्थानीय पोखर, नदी और विभिन्न छठ घाटोंपर स्नान कर शुद्धता के साथ नहाय-खाय किया। घरों में कद्दू-भात, चना दाल और भात का प्रसाद बना।

परैया से ससू के अनुसार लोक आस्था का महापर्व छठ शुक्रवार को परैया प्रखंड क्षेत्र में श्रद्धा और उल्लास के साथ शुरू हो गया.चार दिनों तक चलने वाले इस महाव्रतके पहले दिन व्रतियों ने स्नान-ध्यान कर सूर्य देव और छठी मैया की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और व्रत की शुरुआत की.नहाय-खायश के अवसर पर व्रतियों ने शुद्धता और नियम-धर्म का पालन किया.छठ पर्व को लेकर परैया बाजार में उत्साह देखने को मिला. पर्व में उपयोग होने वाली पूजन सामग्रियों की खरीदारी के लिए बाजार में खरीदारों का तांता लगा रहा।

मेयर- पूर्व डिप्टी मेयर ने अधिकारियोंके साथ किया विभिन्न घाटोंका निरीक्षण

गयाजी। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर गयाजी में तैयारियां अब अंतिम चरणमें पहुंच गई हैं। छठव्रतियों और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो, इसके लिए नगर निगमकी ओर से शहर के सभी चिन्हित छठ घाटों को दुरुस्त करने का काम युद्धस्तर पर कराया जा रहा है। घाटों की साफ-सफाई से लेकर प्रकाश व्यवस्था, चेंजिंग रूम, पेयजल, अस्थायी पुलिया और श्रद्धालुओंके आवागमन तक की व्यवस्थाको अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को मेयर डा. वीरेंद्र कुमार ऊर्फ गणेश पासवान, सशक्त स्थायी समिति के सदस्य अखौरी ओंकारनाथ ऊर्फ मोहन श्रीवास्तव, नगर आयुक्त डा. गगन कुमार सहित नगर निगमके अन्य पदाधिकारियों ने शहर के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण कर तैयारियोंका जायजा लिया।खास बात यह रही कि मेयर खुद छठ कर रहे हैं और इसी दौरान छठ घाटों की तैयारियोंका जायजा लेने पहुंचे। इस दौरान वे छठव्रतियों की सुविधाओं को लेकर विशेष रूप से गंभीर नजर आए। उन्होंने घाटों पर पहुंचकर एक-एक व्यवस्था का बारीकी से अवलोकन किया तथा संबंधित अधिकारियों को



आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण की शुरुआत पितामहेश्वर घाट से हुई। मौके पर दो दर्जन से अधिक सफाईकर्मी घाट की सफाईमें जुटे हुए थे। वहीं, सशक्त स्थायी समितिके सदस्य अखौरी ओंकारनाथ उर्फ मोहन श्रीवास्तव ने कहा कि नगर निगमकी ओर से पिछले कई दिनों से छठ घाटों को व्यवस्थित और बेहतर बनाने का काम लगातार कराया जा रहा है। इसी क्रम में आज विभिन्न घाटों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के लिए अधिकारियों को कई जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि छठव्रतियों की सुविधा नगर निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रमुख घाटों पर कंट्रोल रूम बनाए गए हैं, ताकि किसी भी तरह की समस्या या आवश्यकता होनेपर तत्काल कार्रवाई की जा सके।उन्होंने कहा कि छठ महापर्व को बेहतर और व्यवस्थित बनाने में स्थानीय नागरिकों का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है। नगर आयुक्त डा. गगन कुमारने कहा कि नगर निगम की ओर से सभी 30 चिन्हित छठ घाटोंकी तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। शेष बचे कार्यों को तेजी से पूरा कराया जा रहा है। सफाईकर्मी लगातार युद्धस्तर पर काम कर रहे हैं।

सीयूएसबी की शोधार्थी डा. संजुक्ता को ताइवान के राष्ट्रीय सिंक्रोट्रान विकिरण अनुसंधान केंद्र में मिला साइंटिस्टका पद

करीब 2 लाखका मिलेगा मासिक अनुदान

गयाजी। दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय के लिए एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक उपलब्धिके रूप में, भौतिकी विषय में प्रो. विजय राज सिंह के निर्देशन में पीएचडी पूर्ण करने वाली डा. संजुक्ता जेना का चयन ताइवान स्थित राष्ट्रीय सिंक्रोट्रान विकिरण अनुसंधान केंद्र (एनएसआरआरसी) में कार्यकाल-आधारित वैज्ञानिक पद (स्टाफ साइंटिस्ट) के लिए हुआ है। इस उपलब्धि पर कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह एवं कुलसचिव प्रो. नरेंद्र कुमार राणा ने डा. जेना तथा उनके शोध पर्यवेक्षक प्रो. विजय राज सिंहको बधाई दी है। शोधार्थीकी उपलब्धि की सराहना करते हुए कुलपतिने कहा कि उनका चयन भौतिकी विभाग के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है तथा यह सीयूएसबी में किए जा रहे वैज्ञानिक अनुसंधान की बढ़ती अंतरराष्ट्रीय पहचान को दर्शाता है।



अधिष्ठाता प्रो. अतुल प्रताप सिंह, भौतिकी विभागाध्यक्ष प्रो. बुधेंद्र सिंह, प्रो. वेंकटेश सिंह तथा अन्य संकाय सदस्यों डा. अखिलानंद कुमार, डा. पुनीत मिश्रा, डा रोहित रंजन शाही, डा. नितिन चंद्रा, डा. लखविंदर सिंह एवं डा देवव्रतने भी इस अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित उपलब्धि के लिए शोधार्थी एवं उनके शोध पर्यवेक्षक को बधाई दी है।जन संपर्क पदाधिकारी मोहम्मद मुदस्सीर आलमने बताया कि सीयूएसबी में पीएचडी के दौरान डा. जेना ने उन्नत चुंबकीय एवं आक्साइड-आधारित पदार्थों, विशेष रूप से शोध कार्य किया। आधुनिक संघनित पदार्थ भौतिकी में इन पदार्थों का विशेष महत्व है, क्योंकि इनके जटिल इलेक्ट्रानिक संरचनाओं, चुंबकीय अंत:क्रियाओं तथा भावी इलेक्ट्रानिक एवं स्पिंट्रानिक उपकरणों में संभावित अनुप्रयोगों के कारण इन पर व्यापक शोध किया जा रहा है।

छठ घाटों की व्यवस्था का भाजपा निरीक्षण दलने लिया जायजा

गया जी। आगामी छठ महापर्व के मद्देनजर गया जी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न छठ घाटों पर श्रद्धालुओं एवं छठ व्रतियोंकी सुविधा के लिए की जा रही तैयारियों का आज भारतीय जनता पार्टी गया जी जिला के एक निरीक्षण दल ने पुन: जायजा लिया। गौरतलब है कि बिहार विधानसभा अध्यक्ष एवं गया शहर विधायक डा. प्रेम कुमार द्वारा पूर्व में विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण कर जिला प्रशासन एवं नगर निगम के अधिकारियों को साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा, बैरिकेडिंग एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए थे। उन्हीं निर्देशों के अनुपालनमें हुए कार्यों की वास्तविक स्थिति जानने के उद्देश्य से भाजपा निरीक्षण दल ने आज पितामहेश्वर घाट, ब्राह्मणी घाट, देवघाट,



पालिटेक्निक घाट, आयुर्वेदिक घाट, केंदुई घाट, महादेव घाट, सिंढिया घाट, बिंदेश्वरी घाट, रामशिला घाट एवं धोबिया घाट सहित कई प्रमुख छठ घाटों का निरीक्षण किया। निरीक्षणके दौरान छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए की जा रही साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा इंतजाम, सीढ़ियों की स्थिति एवं नदी घाटों पर बैरिकेडिंग आदि व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया गया।

इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष विकास कुमार ने जिला पदाधिकारी एवं नगर निगमके नगर आयुक्त से दूरभाष पर वार्ता कर निरीक्षण में सामने आई कमियों से अवगत कराया तथा बिहार विधानसभा अध्यक्ष डा. प्रेम कुमार द्वारा पूर्व में दिए गए निर्देशों के अनुरूप सभी शेष कार्यों को अविलंब एवं समयब) तरीके से पूरा कराने का आग्रह किया।

घाटों पर स्वच्छता, पर्याप्त रोशनी, सुरक्षित आवागमन, मजबूत बैरिकेडिंग एवं आपातकालीन मेडिकल सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। सभी कार्य छठ व्रतियों के घाटों पर पहुंचने से पहले पूर्ण हो जाने चाहिए।

निरीक्षण दलमें प्रमुख रूपसे भाजपा जिला उपाध्यक्ष विकास कुमार, पूर्व मेयर प्रतिनिधि धनंजय कुमार ऊर्फ विक्की शर्मा, बिहार विधानसभा अध्यक्ष के निजी सहायक जितेंद्र कुमार, भाजपा नेता ऋषि लोहानी, मंडल अध्यक्ष धनंजय कुमार धीरू, मंडल महामंत्री साकेत कुमार, वार्ड पार्षद 20 धर्मेंद्र कुमार, वार्ड पार्षद 12 पप्पू ठाकुर सहित अन्य कार्यकर्ता एवं स्थानीय प्रतिनिधि शामिल थे।

भवन निर्माण विभाग

विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
विद्युत भवन प्रमंडल, मुंगेर
निविदा आमंत्रण सूचना सं0-20/वर्ष 2026-27

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता: विद्युत कार्यपालक अभियंता,विद्युत भवन प्रमंडल, मुंगेर भवन निर्माण विभाग।
2. परिमाण विपत्र की तिथि एवं समय: 26/11/2026 अपराह्न 2:00बजे तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय: 27/11/2026 अपराह्न 3:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय: 27/11/2026 अपराह्न 4:00 बजे तक।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान: विद्युत भवन प्रमंडल, मुंगेर/संबंधित विद्युत भवन अवर प्रमंडल,/विद्युत भवन अंचल दक्षिण बिहार ,पटना।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान क्रमांक 5 के अनुसार
7. विशेष जानकारी हेतु अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क कर सकते हैं।

क्रम सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (लाख में)	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य समाप्ति के अवधि
1	Patch Repair &Replacement to E.W & E.I in the Campus & Garden Light of Civil Court at Lakhisarai.	3.43	7,000.00	750.00	10 Days
2	Replacement of Electrical Panel, Servise Cable & E.W/ E.I in the E.V.M Ware House at Munger.	12.06	24,000.00	2500.00	10 Days
3	Patch Repair to E.W & E.I in the D.M Residence at Munger, Distt -Munger.	6.91	14,000.00	1250.00	10 Days
4	Renovation to E.W & E.I in District Land Acquisition Office at Munger, Distt -Munger.	4.64	9,300.00	750.00	10 Days
5	Renovation to E.W & E.I in The ADM Residence at Munger Distt-Munger.	4,87	9,800.00	750.00	10 Days
6	Renovation to E.W & E.I in Labouar Court & Welfare Office in the Campus of Commissionery Office at Munger,Distt - Munger.	2,38	5,000.00	500.00	10 Days
7	Renovation to E.W & E.I of Qtr No - 46 of Belan Bazar at Munger,Distt - Munger.	1.75	3,500.00	500.00	10 Days
8	Renovation to E.W & E.I of Qtr No -25 & 42 of Belan Bazar at Munger,Distt - Munger.	3.49	7,000.00	750.00	10 Days
9	Renovation to E.W & E.I of Qtr No-38 & Qtr No-58 of Belan Bazar at Munger,Distt - Munger.	3.49	7,000.00	750.00	10 Days
10	Replacement & Patch Repair of E.W & E.I in The Security Guard room and Out House D.I Residence at Sheikhpura.	1.24	2,500.00	500.00	07 Days
11	Replacement & Patch Repair of E.W & E.I in The Chamber of D.J Civil Court Sheikhpura.	3.20	6,400.00	750.00	10 Days
12	Replacement & Patch Work Repair to E.W & E.I in SDO Office at- Haveli Kharagpur ,Distt - Munger.	3.49	7,000.00	750.00	10 Days

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।


विद्युत कार्यपालक अभियंता,
विद्युत भवन प्रमंडल, मुंगेर

PR. No. 015334 (BCD) 2026-27

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

पत्नी के साथ मेयर ने किया छठ व्रत

गयाजी। लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर पूरे शहरमें भर्क्तिमय माहौल है। इसी कड़ी में गया नगर निगम के मेयर डा. वीरेंद्र कुमार ऊर्फ गणेश पासवान ने भी अपनी पत्नीके साथ छठ व्रत का अनुष्ठान शुरू किया। शुक्रवार को उन्होंने शहर के प्रसिद्ध सूर्यकुंड तालाब में पत्नीके साथ पहुंचकर नहाय-खाय की परंपरा निभाई। इस दौरान उन्होंने विधि-विधान के साथ स्नान और ध्यान किया तथा भगवान सूर्य की आराधना की।इसके बाद



मेयर अपनी पत्नी के साथ बैरागी स्थित आवास पहुंचे, जहां पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार छठ व्रत का अनुष्ठान शुरू किया। नहाय-खाय के साथ ही चार दिवसीय छठ महापर्व की शुरुआत हो गई।

मेयर ने छठी मइया और भगवान सूर्य से सभी के सुख, शांति, समृद्धि और स्वस्थ जीवन की कामना की। छठ महापर्व को लेकर उन्होंने शहरवासियों को शुभकामनाएं भी दीं।

संगम

Date : 13.11.2026

Draw Time	2nd Pr.No.	Draw Time	2nd Pr.No.
09.00 a.m.	49	02.30 p.m.	78
09.30 a.m.	32	03.00 p.m.	01
10.00 a.m.	06	03.30 p.m.	12
10.30 a.m.	77	04.00 p.m	27
11.00 a.m.	46	04.30 p.m.	81
11.30 a.m.	26	05.00 p.m.	61
12.00 noon	02	05.30 p.m.	62
12.30 a.m.	49	06.00 p.m.	80
01.00 p.m.	57	06.30 p.m.	72
01.30 p.m.	15	07.00 p.m.	
02.00 p.m.	03	Contact for result :	

011-40451774, 011-40451775

चेतक

09.00 a.m.	54	02.30 p.m.	87
09.30 a.m.	13	03.00 p.m.	60
10.00 a.m.	69	03.30 p.m.	30
10.30 a.m.	14	04.00 p.m.	00
11.00 a.m.	60	04.30 p.m.	77
11.30 a.m.	12	05.00 p.m.	65
12.00 noon	09	05.30 p.m.	17
12.30 a.m.	40	06.00 p.m.	50
01.00 p.m.	22	06.30 p.m.	04
01.30 p.m.	46	07.00 p.m.	
02.00 p.m.	97	Contact for result :	

011-40451770, 011-40451771, 011-40451772

सुपर

09.00 a.m.	98	02.30 p.m.	68
09.30 a.m.	58	03.00 p.m.	50
10.00 a.m.	06	03.30 p.m.	16
10.30 a.m.	04	04.00 p.m.	76
11.00 a.m.	22	04.30 p.m.	12
11.30 a.m.	78	05.00 p.m.	39
12.00 noon	38	05.30 p.m.	33
12.30 a.m.	18	06.00 p.m.	71
01.00 p.m.	30	06.30 p.m.	56
01.30 p.m.	54	07.00 p.m.	
02.00 p.m.	31	Contact for result :	

011-40451993, 011-40451994

www.playindialottery.com
Contact No. : 09 555 999 608

राजरानी कूपन

Name	Time	2nd Pr.No.	Name	Time	2nd Pr.No.
PAHLA DAO	8.30 a.m	98	MILLENNIUM	2.00 p.m	32
SUBEHA	9.00 a.m	26	100	2.30 p.m	08
KIRAN	9.30 a.m	85	DIAMOND	3.00 p.m	38
HINDUSTANI	10.00 a.m	60	SONA	3.30 p.m	17
PRABHAT	10.30 a.m	38	EXPRESS	4.00 p.m	22
LAJBAB	11.00 a.m	23	SPECIAL	4.30 p.m	12
SAMRAT	11.30 a.m	39	SANDHYA	5.00 p.m	84
DELUX	12.00 noon	02	CHANDANI	5.30 p.m	14
AFTERNOON	12.30 a.m	09	SHAM	6.00 p.m	26
KING	1.00 p.m	97	EVENING	6.30 p.m	89
ROYAL	1.30 p.m	50	Check result with official website		

Cont. for result : 011-40451995
020-27413666, 020-27414666
www.playrajarani.com

राजश्री

Date : 13.11.2026

Time	Pr. No.	Time	Pr.No.
09.00 a.m.	84	02.00 p.m.	91
09.30 a.m.	80	02.30 p.m.	31
10.00 a.m.	47	03.00 p.m.	80
10.30 a.m.	52	03.30 p.m.	82
11.00 a.m.	87	04.00 p.m.	69
11.30 a.m.	79	04.30 p.m.	84
12.00 noon	99	05.00 p.m.	36
12.30 p.m.	54	05.30 p.m.	77
01.00 p.m.	44	06.00 p.m.	50
01.30 p.m.	02	06.30 p.m.	79

Contact for result :
011-40451992, 020-27416009
www.playrajshree.com

ऑनलाइन कैसीनो खेलिए
www.playindiagame.com
Contact No. : 09555999608

MAHARAJA LOTTERY

13.11.2026

Draw Time	Coupon Name	Result
08.30	M-One	98
09.00	M-Two	57
09.30	M-Three	27
10.00	M-Four	38
10.30	M-Six	09
11.00	M-Eight	98
11.30	M-Nine	20
12.00	M-Ten	08
12.30	M-Eleven	18
01.00	M-Tweleve	22
01.30	M-Fourteen	37
02.00	M-Fifteen	88
02.30	M-Seventeen	47
03.00	M-Eighteen	94
03.30	M-Nineteen	27
04.00	M-Twenty	57
04.30	M-Twenty-one	08
05.00	Mahajara Twenty	69
05.30	Mahajara Twenty one	32
06.00	Mahajara Twenty	88

Contact Number : 7798391668
www.maharajalottery.com